चार नवंबर को समिति कालेज पहुंची थी। करीब तीन घंटे तक निरीक्षण और अभिलेखों की जांच की गई। इस दौरान कई भवन खंडहर हालत में मिले। कुछ भवनों के आसपास झाड़ियां और पेड़ उगे हुए थे। कालेज का स्वीमिंग पूल भी जंगल में तब्दील मिला। बैडमिंटन कोर्ट की छत गिर चुकी है। कभी कालेज की पहचान रही खेल सुविधाएं अब रखरखाव के अभाव में बदहाल हैं। 1948 में बने कालेज भवन की लाइब्रेरी की छत से अगस्त 2025 में प्लास्टर और मलबा गिरने की समस्या सामने आई थी। इसके बाद लाइब्रेरी को बंद करना पड़ा। करीब 27 साल से मरम्मत नहीं होने की बात भी सामने आई थी।

अब लाइब्रेरी की छत पर नया लिंटर डाला गया है, लेकिन, खिड़कियों के छज्जे, प्लास्टर और अन्य हिस्सों की मरम्मत बाकी है। वहीं, सितंबर 2025 में पहले से निष्प्रयोज्य घोषित कक्ष संख्या 12 की छत का हिस्सा भी गिर गया था। कक्ष संख्या 11, 12 और 13 को भी पहले जर्जर बताया जा चुका है।



केजीके महाविद्यालय • जागरण

> भवनों की स्थिति के तकनीकी आकलन के लिए पीडब्ल्यूडी से जांच कराने को पत्र लिखा गया है। प्राथमिक स्तर पर रिपोर्ट से अवगत करा दिया है। पीडब्ल्यूडी की रिपोर्ट मिलने के बाद विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी।
>
> प्रो.रीना बालिया, आरएचईओ।

विवाद और कार्रवाई का पुराना सिलसिला


केजीके कालेज में भवनों के रखरखाव को लेकर प्रबंधन और कालेज प्रशासन के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। भवनों के रखरखाव में लापरवाही को लेकर प्रबंध समिति ने तत्कालीन प्राचार्य प्रो. सुनील सिंह को निलंबित किया था। पूर्व भवन प्रभारी प्रो. अजय सिंह और खेल प्रभारी प्रो. अनिल जैन को भी निलंबित किया था। अब छात्रों ने जर्जर भवनों को लेकर सुरक्षा का मुद्दा उठाया। आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई थी। आरएचईओ समेत तीन सदस्यीय समिति ने जांच की। समिति ने भवनों की उम्र, निर्माण और विधि से अनुमोदन के अभिलेख भी देखे। अब पीडब्ल्यूडी की तकनीकी जांच के बाद स्थिति और स्पष्ट होगी।

15 पंचायतों के दावों की खुलेगी पोल, विकास की गुणवत्ता परखेगी दो सदस्यीय टीम

- मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार के तहत 100 अंक पाने वाली पंचायतों की होगी पड़ताल
- भगतपुर टांडा की कोटला नगला और मुस्तहकम ग्राम पंचायत को मिले हैं 100 अंक

जागरण संवाददाता, मुरादाबाद: मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार हासिल करने की दौड़ में शामिल जिले की 15 ग्राम पंचायतों के दावों की अब जमीनी हकीकत परखी जाएगी। आनलाइन प्रश्नावली में विकास कार्यों और उपलब्धियों के आधार पर अंक हासिल करने वाली पंचायतों को अब स्थलीय सत्यापन की परीक्षा से गुजरना होगा। जिलाधिकारी अनुज्य झा के निर्देश पर गठित दो सदस्यीय टीमें पंचायतों में पहुंचकर अभिलेखों और मौके पर कराए गए कार्यों का मिलान करना शुरू कर दिया है। इस दौरान आनलाइन किए गए दावों की सच्चाई सामने आएगी।

जिले की 100 से अधिक ग्राम पंचायतों ने मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन किया है। इनमें सर्वाधिक अंक हासिल करने वाली 15 पंचायतों को सत्यापन के लिए चुना गया है। भगतपुर टांडा ब्लाक की कोटला नगला और मुस्तहकम पंचायत ने 100-100 अंक हासिल किए हैं। बिलारी की सरथल और मुरादाबाद ब्लाक की रसूलपुर सुनवती को भी 100 अंक मिले हैं। छजलैट की मुकरदपुर ने 99, डिलारी की सरकड़ा करीम ने 99 और ठाकुरद्वारा की रघुनाथपुर ने भी 99 अंक हासिल किए हैं। पंचायतों को आनलाइन प्रश्नावली में मिले अंक अभी अंतिम नहीं हैं। सत्यापन दल मौके पर जाकर विकास कार्यों की स्थिति, उपलब्ध अभिलेख और पोर्टल पर दर्ज जानकारियों का मिलान करेगा। यदि किसी पंचायत के दावे में अंतर मिलता है तो उसके अंकों में संशोधन भी किया जा सकेगा। यानी आनलाइन अच्छे अंक हासिल करने भर से पुरस्कार की दावेदारी पक्की नहीं होगी। शासन के निर्देशानुसार चयनित पंचायतों को समान अंक नहीं दिए जाएंगे। बराबर अंक होने पर न्यूनतम जनसंख्या के आधार पर वरीयता तय की जाएगी।



सब्दलपुर बाड़ीवाला में तेंदुए की दहशत, किसानों ने किया प्रदर्शन

संस, कांठ : सब्दलपुर बाड़ीवाला के जंगल में आठ दिनों से तेंदुआ दिखाने से किसान दहशत में हैं। सोमवार को किसानों ने प्रदर्शन किया। वन विभाग से पिंजरा लगवाकर तेंदुआ पकड़ने की मांग की।

किसानों के अनुसार, तेंदुए की दहशत के बीच वे खेतों पर काम करने नहीं जा पा रहे हैं। वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम जल्द ही पिंजरा लगाया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में अशोक नंबरदार, विनोद नंबरदार, राजकुमार सिंह, रूप सिंह, महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रमोद धर्मपाल सिंह, अमर सिंह, कुमार, अरविंद जानी, सुरेश कुमार आदि रहे।



कांठ में तेंदुए को पकड़वाने की मांग करते ग्रामीण • जागरण

बिलारी में गन्ने के खेत में मिले जंगली बिल्ली के बच्चे, फैली दहशत

संस, बिलारी : अहरौला मल्हपुर गांव में रविवार सुबह किसान अजय सिंह के गन्ने के खेत में ग्रामीणों को जंगली बिल्ली के बच्चे दिखाई दिए। जिसके बाद उनमें दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने वन विभाग को तेंदुए के शावक होने की सूचना दी। जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां उन्होंने बच्चों को देख जंगली बिल्ली के बच्चे होने के बताए है। क्षेत्रीय वन विभाग अधिकारी रिजुल कंसल ने बताया कि गांव में गन्ने के खेत में मिले बच्चे जंगली बिल्ली के है।



जंगली बिल्ली का बच्चा • जागरण

जसपुर में मिला सलीम का शव चार दिनों से था लापता

संस, ठाकुरद्वारा : मछली बाजार निवासी सलीम की मौत हो गई। उनका शव काशीपुर के जसपुर में सूतमिल के पास पड़ा मिला। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे स्वजन ने शव की शिनाख्त सलीम के रूप में की। स्वजन के अनुसार सलीम पिछले चार दिनों से लापता थे। वह चार दिन पूर्व बिना किसी को कुछ बताए घर से चले गए थे। वह अपना मोबाइल फोन भी घर पर ही छोड़ गए थे। पत्नी परवीन खातून और बेटी शिफाती व सोहानी का बुरा हाल है।

राकेट की चिंगारी से जली आठ बीघा की पराली

संस, ठाकुरद्वारा : दीपावली पर छोड़े गए राकेट से हुए हादसे में किसान का आठ बीघा पुराल जल गया। गांव रामनगर खानूवाला निवासी राजेंद्र सिंह यादव ने अपनी आठ बीघा पुराल एक स्थान पर एकत्र कर रखी थी। दीपावली के दिन राकेट किसान की पुराल पर आ गिरा था।

अधिवक्ता एकता मंच के कार्यों पर डाला प्रकाश

संस, बिलारी: अधिवक्ता एकता मंच का 20वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संगठन को विस्तार देने के साथ ही एकता पर जोर दिया।

संस्थापक अध्यक्ष चौधरी लखनवीर सिंह ने संगठन की दो दशक की उपलब्धियां और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ताओं की एकजुटता सराहनीय है। मुरादाबाद से आए ओमवीर सिंह ने विधि व्यवसाय की विभिन्न चुनौतियों और समस्याओं को विस्तार से उठाया। राजू गुप्ता ने बिलारी पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। तहसील बार अध्यक्ष, पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, लखनवीर सिंह को सम्मानित किया गया। राजू गुप्ता के साथ समस्या के समाधान को लेकर सभी अधिवक्ता कोतवाली पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह से वार्ता की। कार्यक्रम में सुरजीत सिंह यादव, एसपी सिंह राघव, आदेश कुमार सक्सेना, सतीश पाल सिंह, विनोद गुप्ता, नीरज सोलंकी, मेहंदी हसन अजमेरी, शिव ओम सागर अजय अग्रवाल कोमिल शर्मा, अविनाश यादव, इंद्रेश कुमार, आशुतोष त्यागी, राजेश कुमार आदि रहे।

शाहजहांपुर में पेड़ से लटके मिले ममेरी-फुफेरी बहनों के शव

जागरण संवाददाता, शाहजहांपुर : टहलने निकलीं ममेरी व फुफेरी नाबालिग बहनों के शव पेड़ से लटके मिले। दोनों के पिता दूसरे प्रदेशों में काम करते हैं, वे दीपावली पर घर भी नहीं आ सके थे। देर शाम पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आने से पुलिस इसे आत्महत्या मान रही। दोनों के बीच घनिष्ठता थी। उन्होंने आत्महत्या क्यों की, इसका कारण स्पष्ट नहीं है। दोनों के स्वजन तहरीर नहीं दी है।

17 वर्षीय नैना अपनी फुफेरी बहन 15 वर्षीय किरन के साथ प्रतिदिन सुबह टहलने जाती थी। सोमवार सुबह चार बजे नैना ने किरन के घर पहुंचकर उन्हें जगाया, इसके बाद दोनों टहलने चली गईं। सुबह छह बजे ग्रामीण खेतों की ओर गए तो शिवकुमार के खेत में जामुन के पेड़ से दोनों के शव लटके देखे। पुलिस के अनुसार, दोनों लड़कियों के शव एक ही डाल पर दो अलग फंदों से लटके थे, जो उन्हीं के दुपट्टे से बनाए गए। नैना की मां उर्मिला ने बताया कि पति धर्मेंद्र पंजाब में कंबाइन चलाते हैं।

वह दीपावली पर घर नहीं आ सके। नैना व किरन का अधिकतर समय साथ गुजरता था। वे इंटरनेट मीडिया पर रील्स बनाती थीं। इसको लेकर कभी डांट-फटकार या आपत्ति-विरोध की स्थिति नहीं बनी। अन्य कोई कलह या रंजिश भी नहीं थी। किरन का घर पड़ोस में है।

क्लासीफाइड

सूचना

मेरा पुत्र राजवीर गलत संगत में पड़ गया है मेरा कहा नहीं मानता अपनी पत्नी पूजा के कहने पर घर में झगड़ा करता है इन दोनों से समस्त प्रकार के संबंध विच्छेद करते हुए दोनों को अपनी चल/अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब इन दोनों से मेरा और मेरे परिवार कोई संबंध नहीं होगा। रामचंद्र पुत्र बहोरन ग्राम लुभपुरा तहसील बिलारी।

नशे के इंजेक्शन की बिक्री पर मां-बेटे को 15-15 साल का कारावास

जासं, नैनीताल: अपर जिला जज एवं विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस संजीव कुमार की कोर्ट ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा की गफूर बस्ती में नशे के इंजेक्शन बेचने के मामले में मां-बेटे को 15-15 साल कठोर कारावास व डेढ़-डेढ़ लाख अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट के दोषी करार देने के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूजा साह के अनुसार दो सितंबर 2022 को बनभूलपुरा थाना की उप निरीक्षक सुनीता कुंवर पुलिसकर्मियों के साथ गश्त पर थीं। गफूर बस्ती पहुंचे तो भूरा कबाड़ी की दुकान में लोग पुलिस को देख गली में भागने लगे। एक महिला कंधे में लटकाए बैग को नीचे छोड़ कर भागने की कोशिश करने लगी, जिसे महिला कांस्टेबल ने पकड़ लिया।

pnb पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक !

सर्किल कार्यालयः रामगंगा विहार, निकट सेल टैक्स ऑफिस, कांठ रोड़, मुरादाबाद

ई-नीलामी विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निमाण तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 9 (1) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक / प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी के अंकितानुसार तिथि को **"जैसी है जहां है", "जो भी है वही है"** आधार पर बेचा जायेगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

ई-नीलामी की तिथि एवं समय- 26.11.2026 प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि- ई-नीलामी से पहले**

क्र. सं.	कर्जदार का नाम/ गारंटर/बंधककर्ता एवं शाखा का नाम	बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण सम्पत्ति स्वामी का नाम/बंधकदाता	सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधी न मांग सूचना की तिथि / सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि / कब्जे की प्रकृति	आरक्षित मूल्य (रूपये में) / ईएमडी (रूपये में) / बोली वृद्धि राशि	QR कोड
1	**गुलशन** शाखा: मुख्य शाखा अमरोहा	संपत्ति स्थित है मोहल्ला -अमरोहा खास, चुंगी के बाहर, मोहल्ला - सना नगर, निकट मौ0 कुशक, अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 70.25 वर्ग मीटर है। (नामित है श्रीमती गुलशन पत्नी श्री सलीम अहमद के नाम), पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 13364, पृष्ठ संख्या : 263-276, क्रम संख्या : 10399, दिनांक : 26.05.2023। **चौहद्दी- पूर्व** : बाग मुकीरन, **पश्चिम** : 6 मीटर चौड़ा रास्ता, **उत्तर** : शेष भूमि मुकीरन, **दक्षिण** : शेष भूमि मुकीरन।	18.02.2026 / रू. 9,72,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.11,25,900/- (B) रू. 1,12,590/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2276	
2	**बासीम अहमद** शाखा: मुख्य शाखा अमरोहा	संपत्ति स्थित है मोहल्ला-अमरोहा खास, चुंगी के बाहर, सना नगर, निकट मोहल्ला - कुशक, अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 70.25 वर्ग मीटर है। (नामित है श्रीमती शाहिन बी पत्नी श्री बसीम अहमद के नाम पर) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 13364, पृष्ठ संख्या : 277-290, क्रम संख्या : 10400, दिनांक : 26.05.2023। **चौहद्दी- पूर्व** : बाग मुकीरन, **पश्चिम** : 6 मीटर चौड़ा रास्ता, **उत्तर** : शेष भूमि मुकीरन, **दक्षिण** : आराजी क्रेता श्रीमती गुलशन।	18.02.2026 / रू. 9,06,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.11,25,900/- (B) रू. 1,12,590/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2285	
3	**मोहम्मद अफताब** शाखा: मुख्य शाखा अमरोहा	संपत्ति स्थित है मोहल्ला - अहमद नगर, बाहर चुंगी, अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 73.50 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री मोहम्मद आफताब पुत्र श्री नायब अहमद के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 13412, पृष्ठ संख्या : 183-192, क्रम संख्या : 12234, दिनांक : 26. 06.2023। **चौहद्दी-पूर्व** : साबिर की भूमि, **पश्चिम** : विक्रेता की भूमि, **उत्तर** : कलुआ की भूमि, **दक्षिण** : 3.1 मीटर चौड़ा रास्ता।	21.01.2026 / रू. 10,15,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू. 5,62,500/- (B) रू. 56,250/- (C) रू. 10000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2277	
4	**रवीन्द्र कुमार** शाखा: मुख्य शाखा अमरोहा	आवासीय संपत्ति स्थित है ग्राम - फरीदपुर घोसी, गाटा संख्या 140/5 का भाग, विक्टोरिया बैंक्वेट हॉल के सामने, तहसील एवं जिला - अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 210.75 वर्ग मीटर है। (नामित है श्रीमती अनीता देवी पत्नी श्री विजय कुमार के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 11913, पृष्ठ संख्या : 389-398, क्रम संख्या : 10552, दिनांक : 07.06.2021। **चौहद्दी- पूर्व** : 4.26 मीटर चौड़ा कच्चा रास्ता, **पश्चिम** : राकेश का खेत, **उत्तर** : आराजी मनोज, **दक्षिण** : आराजी विजय सिंह।	26.08.2025 / रू. 20,10,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.12,19,500/- (B) रू. 1,21,950/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2286	
5	**सोनू कुमार** शाखा: मुख्य शाखा अमरोहा	संपत्ति स्थित है मोहल्ला- मोती नगर मडैया कमरुद्दीन, मंडी समिति रोड, अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 116.00 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री सोनू कुमार पुत्र श्री करतार सिंह के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 1, जिल्द संख्या : 10579, पृष्ठ संख्या : 367-394, क्रम संख्या : 20589, दिनांक : 23.09.2019। **चौहद्दी- पूर्व** : आराजी सैनी बिरादरी, **पश्चिम** : 4.88 मीटर चौड़ा रास्ता, **उत्तर** : कृपाल सिंह का मकान, **दक्षिण** : डॉक्टर का मकान।	08.01.2026 / रू. 27,71,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.28,50,300/- (B) रू. 2,85,030/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2287	
6	**लियाकत सैफी** शाखा: मुख्य शाखा अमरोहा	संपत्ति स्थित है मोहल्ला - तकिया मोती शाह, अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 70.25 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री लियाकत सैफी पुत्र श्री शौकत सैफी के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 10779, पृष्ठ संख्या : 277-294, क्रम संख्या : 26232, दिनांक : 19.12.2019। **चौहद्दी- पूर्व** : 3.36 मीटर चौड़ा रास्ता, **पश्चिम** : प्लॉट दरख्शाह बी, **उत्तर** : आराजी विक्रेता, **दक्षिण** : 5.48 मीटर चौड़ा रास्ता।	12.11.2025 / रू. 10,32,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.7,26,300/- (B) रू. 72,630/- (C) रू. 10000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2288	
7	**अलीमीन** शाखा: मुख्य शाखा अमरोहा	संपत्ति स्थित है मोहल्ला - चौक, अंदर कूचा, तहसील एवं जिला - अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 35.00 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री अलीमीन पुत्र श्री मोहम्मद उमर के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 11628, पृष्ठ संख्या : 231-248, क्रम संख्या : 900, दिनांक : 13.01.2021। **चौहद्दी- पूर्व** : जीशान का मकान, **पश्चिम** : राशिद का मकान, **उत्तर** : 3.05 मीटर चौड़ा रास्ता, **दक्षिण** : इनाम का मकान।	04.05.2026 / रू. 9,22,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.7,93,800/- (B) रू. 79,380/- (C) रू. 10000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2289	
8	**सिराजुद्दीन ठेकेदार** शाखा: मुख्य शाखा अमरोहा	भूमि एवं भवन का ईएम स्थित है मोहल्ला -अमरोहा अंदर चुंगी, मोहल्ला - जलीलाबाद, तहसील एवं जिला - अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 141.20 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री सिराजुद्दीन पुत्र श्री इमामुद्दीन के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 1, जिल्द संख्या : 874, पृष्ठ संख्या : 99-116, क्रम संख्या : 3330, दिनांक : 23.04.2002, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय - अमरोहा। **चौहद्दी- पूर्व** : साझा रास्ता 10 फीट चौड़ा, **पश्चिम** : मजार छिद्दा खान का रास्ता, **उत्तर** : विक्रेता की आराजी, **दक्षिण** : 12 फीट चौड़ा रास्ता।	02.09.2024 / रू. 15,17,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू. 60,30,000/- (B) रू. 6,03,000/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2197	
9	**हरवीर** शाखा: बिलारी	संपत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है मोहल्ला कोरियान दक्षिणी (हर्षनगर), कस्बा एवं तहसील - बिलारी, जिला - मुरादाबाद, (उ.प्र.), जिसका कुल क्षेत्रफल 75.595 वर्ग मीटर है। (नामित है हरवीर पुत्र ओमकार के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 7765, पृष्ठ संख्या : 347-362, क्रम संख्या : 5334, दिनांक : 30.04.2024, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय बिलारी, मुरादाबाद। **चौहद्दी-पूर्व** : श्री गोपाली का मकान, **पश्चिम** : 2 मीटर चौड़ा रास्ता, **उत्तर** : वीरेश का मकान, **दक्षिण** : श्रीमती मंजू का मकान।	11.05.2026 / रू. 9,68,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू. 17,43,300/- (B) रू. 1,74,330/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2292	
10	**मो. सरताज** शाखा: गजरौला ई ओबीसी	1. संपत्ति स्थित है मोहल्ला -जलाल नगर, गजरौला (सलेमपुर रोड से बीएसए स्कूल), तहसील - धनौरा, अमरोहा, (उ.प्र.), गाटा संख्या 21, जिसका क्षेत्रफल 151.03 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री मोहम्मद सरताज पुत्र श्री मोहम्मद असलम के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 8238, पृष्ठ संख्या : 153-166, क्रम संख्या : 12967, दिनांक : 24.08.2022, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय धनौरा, जिला अमरोहा। संशोधित विक्रय विलेख पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 8753, पृष्ठ संख्या : 151-160, क्रम संख्या : 13614, दिनांक : 21.09.2023, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय धनौरा, जिला अमरोहा। **चौहद्दी- पूर्व** : महेंद्री का प्लॉट, **पश्चिम** : 16 फीट चौड़ा रास्ता, **उत्तर** : शाकिर का प्लॉट, **दक्षिण** : सिराज का प्लॉट। 2. संपत्ति स्थित है मोहल्ला -जलाल नगर, गजरौला (सलेमपुर रोड से बीएसए स्कूल), तहसील -धनौरा, अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 23.15 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री मोहम्मद सरताज पुत्र श्री मोहम्मद असलम के नाम) संशोधित विक्रय विलेख पंजीकृत है पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 8238, पृष्ठ संख्या : 167-180, क्रम संख्या : 12968, दिनांक : 24.08.2022, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय धनौरा, जिला अमरोहा, संशोधित विक्रय विलेख पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 8753, पृष्ठ संख्या : 141-150, क्रम संख्या : 13613, दिनांक : 21.09.2023। **चौहद्दी- पूर्व** : सलेमपुर रोड, **पश्चिम** : आराजी मोहम्मद सरताज, **उत्तर** : शाकिर का प्लॉट, **दक्षिण** : इस्लाम का प्लॉट।	19.01.2026 / रू. 9,64,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू. 29,02,500/- (B) रू. 2,90,250/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2293	
11	**हुस्न बानो** शाखा: KUMS, मुरादाबाद	संपत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है ग्राम मेहलाकपुर मिजामपुर, तहसील एवं जिला - मुरादाबाद, जिसका कुल क्षेत्रफल 87.825 वर्ग मीटर है। (नामित है हुसन बानो पत्नी मोहम्मद फिरोज के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 1, जिल्द संख्या : 13696, पृष्ठ संख्या : 279-292, क्रम संख्या : 2505, दिनांक : 09.03.2022। **चौहद्दी- पूर्व** : आराजी विक्रेता, **पश्चिम** : आराजी लियाकत +D25, **उत्तर** : 14 फीट चौड़ा रास्ता, **दक्षिण** : आराजी सत्तार।	02.12.2025 / रू. 3,66,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू. 7,05,600/- (B) रू. 70,560/- (C) रू. 10000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2274	
12	**नीरज** शाखा: KUMS, मुरादाबाद	संपत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है गाटा संख्या 2707, मौजा लाकड़ी फाजलपुर, तहसील एवं जिला - मुरादाबाद, (उ.प्र.), जिसका कुल क्षेत्रफल 43.06 वर्ग मीटर है। (नामित है नीरज कुमार पुत्र श्री जगदीश सिंह के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 19280, पृष्ठ संख्या : 337-350, क्रम संख्या : 2824, दिनांक : 16.02.2024, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम, मुरादाबाद। **चौहद्दी-पूर्व** : महेंद्र का मकान, **पश्चिम** : आराजी जगदीश, **उत्तर** : 9 फीट चौड़ा रास्ता, **दक्षिण** : कालीचरण का मकान।	15.04.2026 / रू. 10,14,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू. 11,28,600/- (B) रू. 1,12,860/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2294	
13	**उदयवीर सिंह** शाखा: KUMS, मुरादाबाद	संपत्ति के सभी भाग व हिस्से स्थित है खसरा संख्या 295, राजस्व ग्राम मैनाठेर, तहसील एवं जिला -मुरादाबाद, (उ.प्र.), जिसका कुल क्षेत्रफल 38.80 वर्ग मीटर है। (नामित है उदयवीर सिंह पुत्र शिवराज सिंह के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 14995, पृष्ठ संख्या : 47-60, क्रम संख्या : 4467, दिनांक : 02.04.2024, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय सदर द्वितीय, मुरादाबाद। **चौहद्दी- पूर्व** : कलुवा का प्लॉट, **पश्चिम** : 16 फीट चौड़ा रास्ता, **उत्तर** : विक्रेता का प्लॉट, जो कौशल दीप को विक्रय किया गया है, **दक्षिण** : दीपु का प्लॉट।	14.05.2026 / रू. 6,71,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू. 7,57,800/- (B) रू. 75,780/- (C) रू. 10,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2295	
14	**शीतल** शाखा: कोहिनूर तिराहा, मुरादाबाद	साम्यिक आवासीय भवन का स्थित है खसरा संख्या 50 KA, बालाजी दरबार वाली गली, मीनाक्षी ब्यूटी पार्लर के सामने, जयंतीपुर, मुरादाबाद, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 45.00 वर्ग मीटर है। (नामित है श्रीमती शीतल एवं श्रीमती इमरतीया देवी के नाम) पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 18949, पृष्ठ संख्या : 197-212, क्रम संख्या : 14428, दिनांक : 22.08.2023। **चौहद्दी- पूर्व** : 12 फीट चौड़ा रास्ता, **पश्चिम** : आराजी नरसिंह सैनी, **उत्तर** : आराजी नरसिंह सैनी, **दक्षिण** : अन्य व्यक्ति का प्लॉट।	01.01.2026 / रू. 9,46,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.14,03,100/- (B) रू. 1,40,310/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2296	
15	**शाहनवाज़** शाखा: लोदीपुर राजपूत	आवासीय संपत्ति स्थित है खसरा संख्या 272 के भाग में, गली संख्या 05, मोहल्ला चक्कर की मिलक, नाला पार, मुकरबपुर, पुरानी आबादी, निकट जिलानी मस्जिद एवं सड़क मैरिज हॉल, मुरादाबाद, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 84 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री शहनवाज पुत्र रईस अहमद के नाम)। पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 15075, पृष्ठ संख्या : 149-162, क्रम संख्या : 6427, दिनांक : 14.05.2024, सब-रजिस्ट्रार कार्यालय-II, मुरादाबाद। **चौहद्दी-पूर्व** : 1.82 मीटर चौड़ा रास्ता, **पश्चिम** : उलाउद्दीन का प्लॉट, **उत्तर** : आराजी मोहम्मद अतीक, **दक्षिण** : रईस का प्लॉट।	27.04.2026 / रू. 9,76,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.16,06,500/- (B) रू. 1,60,650/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2299	
16	**योगेश पाल** शाखा: सिविल लाईन, मुरादाबाद	आवासीय प्लॉट स्थित है खसरा संख्या 479, राजस्व ग्राम - भोगपुर मिठौनी उर्फ शिरिकुई अलमारूफ चंद्रा नगर, वार्ड संख्या 29, मुरादाबाद, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 143.02 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री योगेश पाल पुत्र स्वर्गीय श्री रामदास एवं श्रीमती चमेली देवी पत्नी स्वर्गीय श्री रामदास के नाम)। **चौहद्दी-पूर्व** : अन्य व्यक्ति का मकान, **पश्चिम** : 3.70 मीटर चौड़ा रास्ता, **उत्तर** : चंद्र पाल का मकान, **दक्षिण** : शकुंतला देवी का मकान।	14.01.2026 / रू. 2,28,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.66,85,200/- (B) रू. 6,68,520/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2300	
17	**मुन्तियाज** शाखा: हसनपुर	संपत्ति स्थित है खसरा संख्या 195/1 के भाग में, मोहल्ला - मछली मंडी, अलीपुर भूर, शुमाली, निकट चौधरी क्लिनिक, कस्बा - गजरौला, अमरोहा, (उ.प्र.), जिसका क्षेत्रफल 45.42 वर्ग मीटर है। (नामित है श्री मुंतियाज पुत्र श्री मुख्त्यार के नाम)। पंजीकृत है : बही संख्या : 01, जिल्द संख्या : 8275, पृष्ठ संख्या : 45-58, क्रम संख्या : 14567, दिनांक : 15.09.2022। **चौहद्दी- पूर्व** : 7 फीट चौड़ा रास्ता, **पश्चिम** : इरफान की संपत्ति, **उत्तर** : मुख्त्यार का मकान, **दक्षिण** : सुलेमान का मकान।	27.04.2026 / रू. 9,20,000/- साथ में आगामी ब्याज व अन्य खर्चे / सांकेतिक	(A) रू.16,29,000/- (B) रू. 1,62,900/- (C) रू. 25,000/- सम्पत्ति ID संख्या: PUNBMBD2303	

कृपया सरफेसी अधिनियम-2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिनों का वैधानिक नोटिस पढ़ें।

ई-नीलामी **"जहां है जैसा है"** और **"जो है जैसा है"** के आधार पर की जा रही है और इसे "ऑनलाइन" आयोजित किया जाएगा। नीलामी बैंक के अनुमोदित वेब पोर्टल, **https://baanknet.com/, ssupport.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** के माध्यम से आयोजित की जाएगी। ई-नीलामी वेब पोर्टल जिसमें ऑनलाइन ई-नीलामी, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री की सामान्य नियम और शर्तें शामिल हैं **https://baanknet.com/, support.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, नीलामी में रखी गई संपत्तियों का शीर्षक और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावे/अधिकार/बकाया के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। बैंक की प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व। संपत्ति सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है, चाहे वे बैंक को ज्ञात हों या अज्ञात। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तरह से तीसरे पक्ष के दावे/अधिकारों/बकाया के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। बिक्री वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। ई-नीलामी की अन्य नियम और शर्तें **https://baanknet.com/, support.baanknet@psballiance.com Contact No. +91 8291220220** पर प्रकाशित हैं। सबसे अधिक बोली लगाने वाले को बोली/बिक्री राशि का **25% संबंधित ईएमडी खाता** में तुरंत जमा करना होगा, बयाना राशि उसी **25%** के प्रतिकुल समायोजित की जाएगी। यदि निर्धारित समय के भीतर **25**: राशि जमा नहीं की जाती है, तो बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। सफल प्रतिभागी को बिक्री की पुष्टि की तारीख से **15 दिन** के भीतर शेष **75%** राशि जमा करनी होगी। यदि निर्धारित समय के भीतर **75%** राशि जमा नहीं की जाती है, तो **25%** भी जब्त कर ली जाएगी और प्रतिभागी का संपत्ति पर कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें **मण्डल कार्यालय, श्री सुनील वर्माः +91 7080802460**

दिनांकः 10.11.2026 | स्थान : मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर | प्राधिकृत अधिकारी- पंजाब नैशनल बैंक